सार-समाचार

सिटी बस सेवा शुरू करने की मांग

हनुमानगढ़, (निसं)। यहां सार्वजनिक यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) ने जिला परिवहन अधिकारी एवं जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य सचिव को ज्ञापन सौंपा। पार्टी ने हनुमानगढ़ टाउन और जंक्शन के बीच सिटी बस सेवा शुरू करने की आवश्यकता पर जोर दिया। आप जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र बेनीवाल ने बताया कि हनुमानगढ़ जिला मुख्यालय टाउन और जंक्शन दो भागों में बंटा हुआ है। जंक्शन क्षेत्र में कलेक्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला न्यायालय, मेडिकल कॉलेज और रोडवेज डिपो जैसे प्रमुख संस्थान हैं, जबकि टाउन क्षेत्र में जिला अस्पताल, नगर परिषद, पंचायत समिति और महाविद्यालय सहित अन्य कार्यालय स्थित हैं। इन दोनों क्षेत्रों के बीच प्रतिदिन हजारों लोग आवागमन करते हैं। बेनीवाल ने बताया कि पहले महात्मा गांधी जिला अस्पताल से कलेक्ट्रेट और धानमंडी तक सिटी बस सेवा संचालित होती थी, जो अब बंद हो चुकी है। लगभग 15 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर वर्तमान में ऑटो और ई-रिक्शा ही परिवहन के मुख्य साधन हैं। आरोप है कि ये वाहन मनमाना किराया वसूल रहे हैं।

एमएसपी पर गेहूं खरीद शुरू

अनूपगढ़, (निसं)। क्षेत्र में किसानों का इंतजार खत्म हो गया है। नई धान मंडी में भारतीय खादय निगम और राजस्थान राज्य वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन ने समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद शुरू कर दी है। इससे किसानों को राहत मिली है। इस वर्ष अनूपगढ़ में दो खरीद एजेंसियों द्वारा गेहूं की खरीद की जा रही है। क्वालिटी इंस्पेक्टर भावेश शर्मा और इस्तियाग अजमेरी ने नई धान मंडी में बीरबल दास एंड संस से खरीद शुरू की। वहीं, क्वालिटी इंस्पेक्टर सुरेश मालानी ने शंकर लाल प्यारे लाल से खरीद का शुभारंभ किया। समर्थन मूल्य पर खरीद के दौरान व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुनील गोदारा, सचिव अमित शर्मा, कोषाध्यक्ष सुनील चावला और उपाध्यक्ष नरेश मिढा मौजूद रहे।

मंथन व समीक्षा बैठक आयोजित

बीकानेर, (निसं)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देशनोक में शुक्रवार को खंड स्तरीय मासिक मंथन एवं समीक्षा बैठक का आयोजन उपखंड अधिकारी महिमा कसाना की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में एसडीएम महोदया ने खंड के अंतर्गत संचालित सभी चिकित्सा संस्थानों में राज्य सरकार के राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने आगामी हीट वेव (लू) के मद्देनज़र सभी संस्थानों में ओआरएस, जिंक टैबलेट एवं आईवी फ्लूड जैसी आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भीषण गर्मी के दौरान आमजन को उपचार में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। अनुशासन पर सख्त रुख अपनाते हुए एसडीएम महिमा कसाना ने फील्ड में कार्यरत समस्त कार्मिकों को अपने-अपने मुख्यालय पर निवास सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि मुख्यालय से अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में एचपीवी वैक्सीनेशन को लेकर जागरूकता बढ़ाने हेतु एनजीओ एवं स्थानीय इन्फ्लुएंसर्स की सहायता लेने के निर्देश दिए गए। इस दौरान नर्सिंग ऑफिसर किशोर सिंह ने उपस्थित हेल्थ केयर वर्कर्स एवं एनजीओ प्रतिनिधियों को एचपीवी वैक्सीनेशन की तकनीकी बारीकियों पर प्रशिक्षण भी प्रदान किया। डिप्टी सीएमएचओ (परिवार कल्याण) डॉ. योगेंद्र तनेजा ने विभागीय लक्ष्यों की समीक्षा करते हुए अप्रैल माह से ही शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने पर जोर दिया। डीटीओ डॉ. चंद्र शेखर मोदी ने 'टीबी मुक्त भारत अभियान' के तहत चल रहे 100 दिवसीय विशेष अभियान की प्रगति जांची। बीसीएमओ डॉ. सुनील कुमार जैन ने बताया कि बीकानेर ब्लॉक को 'आकांक्षी ब्लॉक' घोषित किया गया है, अत: सभी कार्मिकों को निर्धारित इंडिकेटर्स पर उत्कृष्ट कार्य करना होगा। बीपीओ ऋषि कल्ला ने पोर्टल्स पर समयबद्ध डेटा एंट्री और देशनोक प्रभारी डॉ. विजयंत निर्वाण ने सेक्टर स्तर की उपलब्धियों का प्रस्तुतिकरण दिया।

शराब की दुकान खोलने का विरोध

बीकानेर, (निसं)। यहा श्रीगंगानगर रोड स्थित समता नगर में प्रस्तावित शराब की दुकान के लाइसेंस का समता नगर विकास एवं प्रबंधन समिति और कॉलोनीवासियों ने विरोध किया है। समिति अध्यक्ष कल्याणराम सुथार ने कहा कि राज्य की आबकारी नीतियां सामाजिक संतुलन और सार्वजनिक हित को प्राथमिकता देती हैं, इसलिए आवासीय कॉलोनी में इस तरह का लाइसेंस देना नीति-भावना के विरुद्ध है।

मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

बीकानेर, (निसं)। अखिल राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ एकीकृत के पशुपालन विभाग के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश आचार्य ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र भेजा है। पशुपालन विभाग में लंबे समय से कर्मचारियों की पदोन्नति नहीं हो रही है। पशुधन परीचर है विज्ञान वर्ग से 12वीं पास है तथा एक वर्षीय पशुधन निरीक्षक डिप्लोमा कर लिया गया है उन कार्मिकों को पदोन्नति के इंतज़ार में छब्बीस वर्ष पश्चात् भी विभाग द्वारा पशुधन निरीक्षक के पद पर पदोन्नति नहीं की गई है।

मकान में चोरी का प्रयास

अनूपगढ़, (निसं)। शनि मंदिर के पास स्थित एक बंद मकान में चोरी का प्रयास करते हुए एक युवक को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे हुई इस घटना के बाद आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया गया।

मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

बीकानेर, अखिल राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ एकीकृत के पशुपालन विभाग के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश आचार्य ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को भेजा पत्रहै। पशुपालन विभाग में लंबे समय से कर्मचारियों की पदोन्नति नहीं हो रही है।

नहरबंदी शुरू होते ही 200 रुपए तक महंगे हुए टैंकर

बीकानेर, (निसं)। पश्चिमी राजस्थान की जीवनरेखा कही जाने वाली इंदिरा गांधी नहर (आईजीएनपी) में रीलाइनिंग के कारण शुरू हुई पूर्ण नहरबंदी का असर साफ नजर आने लगा है। 12 अप्रैल से 11 मई तक लागू होने वाली पूर्ण नहरबंदी कि शुरूआत में ही शहर में निजी टैंकर माफिया सक्रिय हो गए हैं। गुरुवार से ही टैंकरों की मांग में 40 फीसदी तक का उछाल देखा गया। इसका फायदा उठाकर टैंकर चालकों ने 100 से 200 रुपए प्रति टैंकर बढ़ा दिए हैं।

हैरानी की बात यह है कि नहरबंदी का शेड्यूल महीनों पहले तय होने के बावजूद प्रशासन ने न तो निजी टैंकरों की दरें तय कीं और न ही विभाग का हेल्पलाइन सिस्टम काम कर रहा है। इससे भी ज्यादा हैरानी इस बात की है कि पीएचईडी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेश राजपुरोहित ने कई दिन पहले दरें तय करने के आदेश दे दिए। इसके बावजूद टैंकरों की दरें तय नहीं हुईं। विभाग की इसी कार्यशैली का फायदा उठाकर निजी सप्लायर्स ने टैंकर की कीमतों में तत्काल बढ़ोतरी कर दी है। जो टैंकर कल तक 300 से 400 रुपए में उपलब्ध था, उसकी कीमत अब 500 रुपए से शुरू हो गई हैं। शहर के बाहरी इलाकों जैसे गंगाशहर, सुजानदेसर, श्रीरामसर और नाल रोड पर तो स्थिति और भी खराब है। जहां सप्लायर दूरी का हवाला देकर मुंह मांगी कीमत वसूल रहे हैं।

जयपुर रोड पर 500 रुपए न्यूनतम कीमत है। उसके बाद जैसे-जैसे टैंकर की क्षमता और दूरी बढ़ेगी वैसे-वैसे कीमतों में उछाल आएगा। हैरानी की बात ये है कि इसमें से कई टैंकर चालक तो पीएचईडी सप्लाई का पानी ही भेज रहे हैं। कुछ कुओं का पानी सप्लाई करते हैं। भास्कर रिपोर्टर ने गंगाशहर, जयपुर रोड, नाल रोड पर अलग-अलग टैंकर चालकों से बात की तो कॉमन बात ये सामने आई कि 500 रुपए से कम में कोई 2000 लीटर का भी टैंकर नहीं देगा।

जलदाय विभाग का दावा है कि जलाशयों और स्टोरेज टैंक में पर्याप्त पानी है। रोटेशन के आधार पर सप्लाई दी जाएगी। लेकिन हकीकत यह है कि बीकानेर की बढ़ती आबादी और पुराने पाइपलाइन नेटवर्क के कारण अंतिम छोर तक पानी पहुंच ही नहीं पा रहा है। मौजूदा इंफ्रास्ट्रक्चर 2022 की 7.50 लाख आबादी के हिसाब से है। जबकि 2026 में आबादी लगभग 8.50 लाख है। निजी टैंकर संचालकों का कहना है कि मांग बढ़ने से ट्यूबवेल पॉइंट्स पर घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। एक संचालक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया 'हमें पानी भरने के लिए लंबी लाइनों में लगना पड़ रहा है। डीजल की कीमतें स्थिर हैं, लेकिन समय की बर्बादी और लेबर की कमी के कारण हमें दाम बढ़ाने पड़े हैं।

जयपुर रोड - हल्दी राम प्याऊ के पास से एक टैंकर गुजर रहा था। रोककर पूछा कि डिफेंस कॉलोनी में एक टैंकर चाहिए, कितने में ले जाओगे। चालक बोला, 500 रुपए तो बेसिक हैं। अगर ज्यादा बड़ा लेना हो या ज्यादा दूरी पर ले जाना तो पैसे बढ़ेंगे। पास से गुजर रहे सेवानिवृत्त कर्मचारी रामगोपाल ने बताया, 'कल रात ही पता चला था कि नलों में पानी कम आएगा।

बालिका गृह का किया निरीक्षण

बीकानेर, (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव दिनेश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर निशान्त जैन, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुश्री शैलजा पाण्डे, अतिरिक्त जिला कलक्टर (नगर) रमेश देव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने छात्रावासों में शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करने, सभी संस्थानों एवं कार्यालयों में स्वच्छता बनाए रखने तथा अनुपयोगी कबाड़ की नीलामी कर शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत चयनित विद्यार्थिन्यों की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता का फीडबैक संकलित करने तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में वर्ष 2024-25 के लंबित आवेदन पत्रों के शीघ्र निस्तारण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में लंबित प्रकरणों के भौतिक सत्यापन पूर्ण करने तथा पालनहार योजना के वार्षिक सत्यापन को शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर श्री निशांत जैन ने विभागीय योजनाओं का अधिकाधिक लाभ पात्र लोगों को दिलवाने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बीकानेर प्रवास के दौरान बालिका गृह, नारी निकेतन एवं मानसिक विमंदित गृह का निरीक्षण किया तथा बालिका गृह परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

450 ग्राम अवैध अफीम बरामद, दो गिरफ्तार

पांचू, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देश पर चलाए जा रहे 'ऑपरेशन नीलकंठ' के तहत पांचू पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने किशनासर गांव के पास भारतमाला पुलिया पर दो तस्करों को 450 ग्राम अवैध अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई सीओ जरनैल सिंह के सुपरविजन और पांचू थानाधिकारी राजीव रॉयल के नेतृत्व में की गई। पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर किशनासर गांव के पास भारतमाला पुलिया पर नाकाबंदी की गई थी। नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध बाइक को रोका गया।

वर्षीतप अभिनंदन समारोह में तपस्वियों का किया सम्मान

बीकानेर, (निसं)। जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, गंगाशहर के तत्वावधान में तीन दिवसीय वर्षीतप अभिनंदन समारोह का शुभारंभ आज मुनि अमृत कुमार के पावन सान्निध्य में बोथरा भवन में हुआ। आध्यात्मिक उत्साह और श्रद्धा के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में वर्षभर की कठिन तपस्या पूर्ण करने वाले साधकों का भावभीना अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मुनि अमृत कुमार ने वर्षीतप की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह तप प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव द्वारा प्रवर्तित है, जिन्होंने लगभग 13 माह तक अनवरत तप किया था। मुनि श्री ने कहा, 'तपस्या केवल शारीरिक साधना नहीं, बल्कि महान मनोबल का कार्य है। इससे तन निरोग होता है और मन का परिमार्जन होता है। संवर जहां नए कर्मों को रोकता है, वहीं तप संचित कर्मों की निर्जरा कर मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करता है।' मुनि ने इस अवसर पर 'एक बार आओ तप रा गीत आपा गावा' गीतिका का संगान भी किया। मुनि उपशम कुमार ने तप को 'कर्मों की गंगा' बताते हुए कहा कि इसमें स्नान का सौभाग्य केवल शुभ कर्मों के उदय से ही मिलता है। उन्होंने कहा कि वर्षीतप अत्यंत कठिन साधना है, जिसमें एक वर्ष से अधिक समय तक हर परिस्थिति में समभाव रखते हुए अपने कर्मों से लोहा लेना पड़ता है। उन्होंने सभी को निरंतर कर्म क्षय की प्रेरणा दी। आज प्रथम दिन तेरापंथी सभा द्वारा 10 तपस्वियों का अभिनंदन किया गया। इस तपस्या की खास बात उम्र का दायरा रही; जहाँ 98 वर्षीय गवरा देवी सेठिया ने अपनी अटूट श्रद्धा का परिचय दिया उनके 39 वां वर्षीतप, वहीं 22 वर्षीय सुश्री गरिमा भंसाली ने पहला वर्षीतप करके युवा पीढ़ी के लिए संयम का उदाहरण पेश किया। महिला मंडल परामर्शिका भावना छाजेड़, प्रभा बैद के दूसरा वर्षीतप, पांची देवी छाजेड़ , निर्मला बैद , किरणदेवी पुगलिया , किरणदेवी छाजेड़ ,ज्योति कुमार छाजेड़ व श्रीमती सुनिता भूरा ने पहला वर्षीतप करके साहस का परिचय दिया।

प्रपत्र संख्या-7 (देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग खण्ड हनुमानगढ़
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 के अधीन
क्रमांक : मु.नं. 1380 नोटिस दिनांक : 15.09.25
समस्त संबंधित व्यक्तियों को (नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री पवन कुमार रतवाया ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के तहत बाल संसार रतवाया चैरिटेबल ट्रस्ट श्रीगंगानगर में नवीन पदाधिकारी दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः अधिनियम द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां यदि कोई हो, प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्विदिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 15/09/25 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर से अधीन जारी किया गया। प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17/10/25 निश्चित है।
(ओम प्रकाश) सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, हनुमानगढ़

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-निविदा सूचना
वरि.मंडल बिजली इंजीनियर/टीआरडी, उ.प.रे. बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते है। **1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता : http://www.ireps.gov.in 2. ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समय : 11.05.2026** को **15.00** बजे तक **3. ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय : 11.05.2026** को **15.00** बजे के बाद **निविदा संख्या** : 01-TRD-BKN-ETender-2026-27 **कार्य का नाम** : Rehabilitation & Servicing of rail cranes (BRN mounted cranes) required for various TRD works and attending breakdowns over Bikaner Division **कार्य की अनुमानित लागत (रूपये)** :रू. 1,27,39,382.78 **EMD/SD(Rs.)** : 2,54,800
567-DR/26
हमें /NWRailways NWRailways पर फॉलो करें

संगोष्ठी आयोजित

बीकानेर, (निसं)। बीकानेर नगर स्थापना दिवस व विश्व विरासत दिवस के उपलक्ष्य में राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी तथा इन्टेक बीकानेर चैप्टर की ओर से शुक्रवार को 'बीकानेर की विरासत' विषयक संगोष्ठी का आयोजन रोटरी क्लब सभागार में किया गया।संगोष्ठी के मुख्य अतिथि बीकानेर जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष डी. पी. पच्चीसिया ने कहा कि बीकानेर की अनमोल विरासतों का संरक्षण आवश्यक है। यहां के भामाशाहों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, गौशाला आदि क्षेत्रों में हरसंभव योगदान दिया है। अध्यक्षता करते हुए रोटे. मनमोहन कल्याणी ने कहा कि बीकानेर की सांस्कृतिक विरासत अत्यंत समृद्ध है। इन्टेक के कन्वीनर पृथ्वीराज रतनू ने संगोष्ठी का संचालन करते हुए बीकानेर की विरासतों की महत्ता बताई। रतनू ने कहा कि विरासत को सहेजना एक पुनीत कर्त्तव्य है।